राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

<u>राजभवन, पटना–800022</u>

<u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

संख्या–259/2023

राज्यपाल ने स्व० लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के <u>अवसर पर शास्त्रीनगर पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया</u>

पटना, 02 अक्टूबर, 2023 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व० लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के अवसर पर शास्त्रीनगर पार्क, पटना में आयोजित राजकीय समारोह में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, अन्य मंत्रीगण एवं गणमान्य लोगों ने भी पूर्व प्रधानमंत्री स्व० लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा निवेदित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा भजन व देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये। बिहार गीत की प्रस्तुति भी हुई।

....